प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
माध्यमिक संस्कृत विद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः सं0परि0/1939-3303/2022–23 दिनांक 09- मई, 2023

**विषयः वर्ष 2023 की परीक्षा में सन्निरीक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन पत्र अग्रसारित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप संज्ञानित हैं कि प्रदेश में संचालित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तक तक के विद्यार्थियों का वर्ष 2023 का परीक्षा परिणाम दिनांक 03.05.2023 को घोषित कर दिया गया है। शीघ्र ही आपको परिषद द्वारा परीक्षा परिणाम प्राप्त करा दिया जायेगा।

आपके विद्यालय में अध्ययनरत् पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के छात्र यदि किसी विषय में सन्निरीक्षा कराने के इच्छुक हों तो उनके सन्निरीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 31.05. 2023 तक परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि इच्छुक अभ्यर्थियों के सन्निरीक्षा की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण की जा सकें। इस हेतु परिषद की वेबसाइट upmssp.com से आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवश्यक संलग्नकों एवं निर्धारित शुल्क सहित निर्धारित तिथि तक परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सन्निरीक्षा आवेदन पत्र विद्यालयों को परिक्षा परिणाम के लिफाफों में भी उपलब्ध रहेगा।

संलग्नकः सन्निरीक्षा आवेदन पत्र।

भवदीय
9/5/2023
(राधा कृष्ण तिवारी)
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

पृ0सं0 : सं0परि0/1939-3303/ 2023–24 तद्दिनांक।

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
3. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलीय उप निरीक्षक,संस्कृत पाठशालाएं, कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार समस्त संस्कृत विद्यालयों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रधान सम्पादक सम्मानित दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त समाचार जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
संस्कृत भवन–2, शाहमीना रोड, लखनऊ।

# सन्निरीक्षा के लिये आवेदन–पत्र

## पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा (प्रथम तथा द्वितीय वर्ष) परीक्षा–20 ............

(अपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे)

परीक्षार्थी सन्निरीक्षा आवेदन–पत्र इस प्रकार भेजें कि सचिव, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, ''संस्कृत भवन'' 2, शाहमीना रोड, लखनऊ कार्यालय में रेखांकित बैंक ड्राफ्ट सहित परीक्षा परिणाम विद्यालय को प्राप्त होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर अवश्य प्राप्त हो जायें। उत्त प्रदेश में निवास करने वाले परीक्षार्थियों के सन्निरीक्षा शुल्क 100/– (सौ रुपया) विषय के प्रति प्रश्न पत्र की दर से एवं प्रयोगात्मक विषय पृथक से देय होगा।

बिना बैंक ड्राफ्ट के कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। सन्निरीक्षा परीक्षाफल की सूचना प्राप्त करने हेतु परीक्षार्थी का पता लिखा रजिस्ट्री डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है।

(परीक्षार्थी द्वारा साफ–साफ प्रविष्टियों को पूरा भरा जाये)

पूर्व मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष), उत्तर मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) स्पष्ट रूप से अंकित करें –

परीक्षा का नाम ..........................................................................................

सेवा में,

सचिव,
उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
''संस्कृत भवन'', 2–शाहमीना रोड,
लखनऊ।

अनुक्रमांक – { (हिन्दी में)
(अंग्रेजी में)

महोदय,

मैं अपने चयनित विषयों एवं प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तकों के अंकों की सन्निरीक्षा परिषद के अधिनियम के अनुच्छेद 21–2 एवं इस आवेदन–पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र पर मुद्रित सन्निरीक्षा के नियमों के अंतर्गत कराना चाहता हूँ।

1. परीक्षार्थी का नाम (हिन्दी में)
2. अनुक्रमांक (हिन्दी में)
(अंग्रेजी में)
3. पिता का नाम (हिन्दी में)
4. केन्द्र का नाम (अंग्रेजी में)
5. रुपया ............................................................ बैंक ड्राफ्ट संख्या ............................................ दिनांक ............................

सन्निरीक्षा के लिये वही विषय एवं प्रश्न पत्र अंकित करें जिसके लिये शुल्क जमा किया हो।

6. विषय एवं प्रश्नपत्र का नाम :

| विषय एवं प्रश्नपत्र | विषय एवं प्रश्नपत्र | विषय एवं प्रश्नपत्र |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |
| 4. | 5. | 6. |

7. पत्र–व्यवहार का पताः– ..........................................................................................
..........................................................................................

प्रार्थी के हस्ताक्षर

---

## पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा (प्रथम तथा द्वितीय वर्ष) परीक्षा – 20..........

अनुक्रमांक ........................

वे परीक्षार्थी जो किसी ऐसे विषय की लिखित उत्तर–पुस्तकों की सन्निरीक्षा कराना चाहते हैं, वे निम्न प्रविष्टियों को भी अवश्य पूरा करें :–

1. परीक्षार्थी का नाम
2. अनुक्रमांक
3. पिता का नाम
4. विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र का नाम
5. विषय का नाम
(जिसमें सन्निरीक्षा करानी है)
6. परीक्षा केन्द्र का नाम

| | |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |

प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

टिप्पणी – कृपया निम्नलिखित प्रारूप व प्राप्तांकों का उल्लेख कीजिए :–

अंकपत्र की प्रतिलिपि

**पूर्व मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष), उत्तर मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) परीक्षा 20 .......**

विद्यालय का नाम ..............................................................................................................................

अनुक्रमांक ....................................................... परीक्षार्थी का नाम ............................................................ वर्ष ...............

| विषय एवं कोड | प्रश्न–पत्र का अंक | | | | | | | | | | योग | परीक्षाफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | षष्टम | सप्तम | अष्टम | अतिरिक्त विषय अंग्रेजी | प्रयोगात्मक | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

**यथार्थ प्रतिलिपि/अंक सत्यापित**

दिनांक ...................... 20 ........... हस्ताक्षर प्रधानाचार्य मोहर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

नोट : अंक पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

==================================================================

**पूर्व मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष), उत्तर मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) परीक्षा 20 .......**

अनुक्रमांक ........................

विषयः उपर्युक्त स्तम्भ में उसी विषय का नाम अंकित करें, जिसकी सन्निरीक्षा हेतु शुल्क जमा किया गया है।

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर ........................................

पता .............................................................. अंक सत्यापित

..............................................................

हस्ताक्षर प्रधानाचार्य हस्ताक्षर परीक्षार्थी

(कृपया इस पन्ने को अपने पास संदर्भ के लिये रख लें)

# सन्निरीक्षा हेतु निर्देश :

(अपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे)

सन्निरीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि परिषद का परीक्षाफल प्रकाशित होने के तीस (30) दिनों के अन्दर है। उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के परीक्षार्थी जो अपनी उत्तर पुस्तकें सन्निरीक्षित कराना चाहते हैं, निम्नलिखित नियमों के अनुसार करा सकते हैं :–

(1) (क) कोई परीक्षार्थी जो परिषद द्वारा संचालित परीक्षा में प्रविष्ट हुआ है, अपने द्वारा उपहृत विषयों के अपने अंकों की सन्निरीक्षा के लिये आवेदन–पत्र दे सकता है।

(ख) ऐसे समस्त आवेदन–पत्र के साथ बैंक ड्राफ्ट की एक प्रतिलिपि यह दिखाते हुये 100/– रुपये विषय के प्रति प्रश्न–पत्र की दर से निर्धारित शुल्क दे दिया गया है, अवश्य ही संलग्न होनी चाहिये। आवेदन–पत्र भेजने वाले परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में शुल्क का बैंक ड्राफ्ट सचिव माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखन के पक्ष में लखनऊ मुख्यालय पर देय होगा।

(ग) ऐसे आवेदन–पत्र के साथ एक सादा लिफाफा पते सहित (जिस पते पर परीक्षार्थी सन्निरीक्षा परिणाम की सूचना चाहता है) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिस पर रजिस्ट्री हेतु निर्धारित शुल्क का डाक टिकट लगा हो। आवेदन–पत्र परीक्षाफल घोषणा की तिथि से तीस दिन की अवधि के अन्दर परिषद कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिये।

(घ) सन्निरीक्षा हेतु आवेदित समस्त मामलों का निस्तारण परीक्षा वर्ष की 31 दिसम्बर तक सम्पन्न कर दिया जायेगा। सन्निरीक्षा की समाप्ति पर परीक्षार्थियों को उनके द्वारा आवेदन–पत्र में उल्लिखित पते पर सन्निरीक्षा परिणाम की सूचना दी जायेगी।

(ङ) सन्निरीक्षा का तात्पर्य उत्तर–पुस्तकों का पुनः मूल्यांकन नहीं है। सन्निरीक्षा कार्य में परीक्षार्थियों की उत्तर–पुस्तकों में यह देखा जायेगा कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तक में क्या अलग–अलग प्रश्नों में दिये गये अंकों का योग करने, उन्हें अग्रनीत करने अथवा किसी प्रश्न अथवा उसके भाग पर अंक देना छूटने की कोई त्रुटि तो नहीं हुई है। सन्निरीक्षा कार्य में परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तकों में परीक्षक द्वारा मूल्यांकित प्रश्नों के उत्तरों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

(2) परीक्षार्थी द्वारा सन्निरीक्षा हेतु आवेदित समस्त प्रकरणों का परीक्षाफल सन्निरीक्षा की समाप्ति पर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक को तत्काल भेज दिया जाता है तथा उसकी सूचना संबंधित परीक्षार्थी को दे दी जाती है।

(3) सन्निरीक्षा के समस्त कार्य गोपनीय होते हैं, मूल्यांकित उत्तर–पुस्तकें एवं अंकचिटें गोपनीय अभिलेख हैं अतः इन्हें किसी भी परीक्षार्थी अथवा उनके अभिभावक आदि को नहीं दिखाया जा सकता है। उत्तर पुस्तकों की एक बार सन्निरीक्षा हो जाने पर पुनः सन्निरीक्षा नहीं होगी।

(4) जो परीक्षार्थी सन्निरीक्षा के फलस्वरूप आवेदित कक्षा एवं विषय में उत्तीण घोषित हो जायेंगे, यदि सन्निरीक्षा परीक्षाफल घोषित होने के पूर्व कक्षा पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष तथा उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले चुके होंगे तो भी उनके लिये आगामी कक्षा में शैक्षिक सत्र सन्निरीक्षा परीक्षा घोषित होने की तिथि से 10 दिन के बाद प्रारम्भ हुआ माना जायेगा।

(5) अंक–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न की जाये। अंक–पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में प्रधानाचार्य द्वारा प्राप्तांक सत्यापित किये जायें। सत्यापित अंक–पत्र अथवा प्रधानाचार्य द्वारा अंक सत्यापित न होने की स्थिति में प्राप्त आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

**विशेष सूचना**

(1) सन्निरीक्षा शुल्क :–

सन्निरीक्षा शुल्क 100.00 (सौ रुपया) प्रति प्रश्न पत्र की दर से एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये 40.00 (चालीस रुपया) प्रति प्रयोगात्मक विषय निर्धारित है।

**(2) सन्निरीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि :–**

सन्निरीक्षा आवेदन–पत्र, बैंक ड्राफ्ट एवं रजिस्ट्री डाक टिकट लगे लिफाफे के साथ परीक्षा परिणाम विद्यालय को प्राप्त होने के तीस (30) दिन के अन्दर सम्बन्धित कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिये। सन्निरीक्षा हेतु विलम्ब से आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(3) रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे गये सन्निरीक्षा आवेदन–पत्रों के लिफाफे के ऊपरी बाएं कोने पर जनपद का नाम तथा यथास्थिति पूर्व मध्यमा (प्रथम / द्वितीय वर्ष), उत्तर मध्यमा (प्रथम / द्वितीय वर्ष) अंकित होना चाहिये।

(4) निर्धारित दर से कम शुल्क जमा करने पर अथवा अपूर्ण आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर उन्हें निरस्त कर दिया जायेंगे।

(5) विगत वर्षो में कतिपय प्रधानाचार्यों द्वारा एक पाठ्यक्रम के कई परीक्षार्थियों का विवरण सादे कागज पर अंकित कर प्रस्तुत किया जो अस्वीकार्य है।

कृपया प्रत्येक परीक्षा का आवेदन–पत्र पृथक–पृथक भरवाकर भेजें। यदि उक्त की पुनरावृत्ति की जाती है तो स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

**सचिव**
**उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद**
**"संस्कृत भवन", 2–शाहमीना रोड, लखनऊ।**